हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

11 जमकर सजी कवियों की महफिल, देशभक्ति ...

12 नवरात्रे का दूसरा दिन : श्रद्धालुओं ने मंदिरों में ...


**शहर में आज**

चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया गया है। रजिस्ट्रेशन काउंटर सुबह 7:00 बजे से 1:30 बजे तक खुले रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

### बार एसो. के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन रोहतक के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को होगा। रणबीर सिंह मैमोरियल हॉल में होने वाले इस समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर प्रमुख तौर पर मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर प्रधान दीपक हुड्डा, उपप्रधान अजय ओहल्याण, महासचिव राजकरण पंघाल, संयुक्त सचिव डिंपल व लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार को शपथ दिलाई जाएगी।

### कैंप में 65 यूनिट रक्त एकत्र

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में रक्तदान शिविर और जोड़ों के दर्द की जांच कैंप का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। उन्होंने बताया कि 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

पुराना बस अड्डा, कच्चा बेरी रोड, माल गोदाम रोड पर मिल रही शिकायतें

# नालों, सीवर में गोबर बहाने वालों को दी चेतावनी, थमाए नोटिस

- अब गोबर बहाने वालों को चिन्हित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में चल रही पशु डेयरियों की वजह से सीवर सिस्टम लाचार हो गया है। पुराना बस अड्डा, कच्चा बेरी रोड, माल गोदाम रोड सहित आसपास के एरिया में गोबर और पानी गलियों में भरा रहता है जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बार-बार मिल रही शिकायतों पर नगर निगम की टीम ने सोमवार को एरिया का निरीक्षण किया और डेयरी संचालकों को नोटिस थमाए। उन्हें स्पष्ट कहा गया कि गोबर नालियों में बहाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। डेयरी के गेट पर पिट बनवाने के लिए भी हिदायत दी गई। साथ ही डेयरी संचालकों को जल्द से जल्द कन्हेली कॉम्प्लेक्स में डेयरी शिफ्ट करने के लिए निर्देश भी दिए गए। निगम संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बताया कि सोमवार को टीम द्वारा कच्चा बेरी रोड पर डेयरी संचालकों को चेतावनी दी गई कि वे गोबर को नाले, सीवर में न बहाएं, सभी संचालक डेयरी में पिट बनायें तथा डेयरी से निकलने वाले गोबर का सही ढंग से निष्पादन किया जाए। संचालकों को नोटिस थमाए गए। वहीं, सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के चालान भी किए गए।


रोहतक। चालान देते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर समस्या बताते हुए।

### डेयरी संचालक अपनी-अपनी डेयरी के बाहर जाली लगाए

उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीम को निर्देश दिए गए हैं कि खुले में गोबर बहाने वालों पर अब सख्ती से कार्रवाई की जाए और उन्हें चिन्हित कर उनके चालान किए जाएं, क्योंकि गोबर बहाने से सीवर व नाले भर जाते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि डेयरी संचालक अपनी-अपनी डेयरी के बाहर जाली अवश्य लगायें ताकि तूड़ी व कूड़ा नालों में न जा सके। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाई जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के चालान किए

इसके अलावा नगर निगम की टीम ने सोमवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के दो चालान किए। अधिकारियों ने डेयरी संचालकों से अपील की है कि वे गोबर, तूड़ी, कूड़ा आदि नालों में न बहाये व सभी स्वयं अपनी जिम्मेवारी निभायें व अपनी-अपनी डेयरी के बाहर जाली लगायें ताकि गोबर व तूड़ी नालों, सीवर में न जा सके। निरीक्षण के दौरान सहायक सफाई निरीक्षक परमजीत, कृष्ण लाल, संदीप राठी, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

*गांव स्तर पर ही रेडक्रॉस से संबंधित आयोजित होंगी सभी गतिविधियां*

# रोहतक प्रदेश का पहला जिला जिसमें खोले जाएंगे रेडक्रॉस सेवा केंद्र

- जिले के हर एक गांव में स्वयं सेवकों के सहयोग से खोले जाएंगे रेडक्रॉस सेवा केंद्र
- सुविधा के चलते दिव्यांगजन व वृद्धों को नहीं आना पड़ेगा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के प्रत्येक गांव में स्वयं सेवकों के सहयोग से रेडक्रॉस सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। रोहतक हरियाणा का पहला ऐसा जिला होगा, जहां पर गांव-गांव में रेडक्रॉस के सेवा केंद्र होंगे।

सेवा केंद्र स्थापित होने के बाद प्रत्येक गांव में दिव्यांग जांच शिविर, दिव्यांगजनों को सहायता तथा 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के लिए फस्र्ट एड होम ट्रेंनिंग सहित सभी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया रेडक्रॉस समिति और जिला प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी दिव्यांगजन, वृद्ध जन और युवाओं को रेडक्रॉस से संबंधित कार्य के लिए गांव से शहर ना आना पड़े। इसके लिए प्रत्येक गांव में वॉलिंटियर बनाए जाएंगे जो निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा देंगे।



### हर गांव में 11 युवा रेडक्रॉस सेवा केंद्र के सदस्य होंगे

उपायुक्त ने बताया कि गांव स्तर पर ही रेडक्रॉस सेवा केंद्र शुरू हो जाने से 18 वर्ष से अधिक की उम्र के युवाओं को गांव में ही फर्स्ट एड होम नर्सिंग की ट्रेनिंग मिल पाएगी। इसके साथ-साथ जो दिव्यांगजन हैं, जिन्हें उपकरण की आवश्यकता होती है, उनका पंजीकरण भी गांव स्तर पर ही हो जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक गांव में 11 युवा रेडक्रॉस सेवा केंद्र के सदस्य होंगे, जो समय-समय पर रेडक्रॉस समिति की गतिविधियों को आम जनता पहुंचने का काम करेंगे और गांव में ही रहकर उनका पंजीकरण करेंगे। सूची रेडक्रॉस समिति को उपलब्ध करवाएंगे।

### ब्लड डोनर का पंजीकरण

डीसी ने बताया कि सेवा केंद्र पर ब्लड डोनर का भी पंजीकरण किया जाएगा और गांव स्तर पर ही ब्लड कैम्प भी आयोजित होंगे। गांव के अंदर ही दिव्यांग जांच शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, आंखों की जांच और फस्र्ट एड होम नर्सिंग की ट्रेनिंग जैसे कार्यक्रम शुरू किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि जो युवा अथवा पंचायत इस कार्य में सहयोग करना चाहते वे रेडक्रॉस सोसाइटी से संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि युवा ये सभी सेवाएं निस्वार्थ भाव से करेंगे, जिन्हें जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस द्वारा समय-समय पर सम्मानित भी किया जायेगा।

# एमडीयू की 2 प्रोफेसर ने लंदन में शोधपत्र पढ़े

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी नांदल तथा डॉ. रचना भटेरिया ने लंदन, यूके में आयोजित छठे एडवांस्ड केमिस्ट्री वर्ल्ड कांग्रेस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर विशिष्ट वक्ता शिरकत की और शोध प्रत्र प्रस्तुत किए। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रो. मीनाक्षी नांदल ने- अपशिष्ट जल उपचार में बायोचार के उपयोग में हालिया प्रगति विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने पारंपरिक उपचार पद्धति की तुलना में अपशिष्ट जल उपचार में बायोचार के उपयोग के लाभ के बारे में बात की। प्रो. रचना भटेरिया ने- चूरा का उपयोग करके बायोचार का संश्लेषण और टमाटर के पौधों पर इसका प्रभाव विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने चूरा अपशिष्ट का उपयोग करने और मिट्टी और कृषि फसल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए इसे लाभकारी पोषक बायोचार में परिवर्तित करने के लिए पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण का सुझाव दिया। सम्मेलन में शामिल अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविद एवं वैज्ञानिकों ने प्रो. मीनाक्षी नांदल और प्रो. रचना भटेरिया के शोध पत्रों की सराहना की और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


डॉ. रचना भटेरिया।

घी फैक्ट्री मामले को निपटाने के लिए मांगे रुपये

# एक लाख की रिश्वत लेते हुए एसआई गिरफ्तार

- हिसार की पुलिस ने सुनारियां जेल के पास की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


घी फैक्ट्री संबंध में दर्ज एक मामले में रिश्वत ले रहे लाखनमाजरा थाना के जांच अधिकारी सुरेश कुमार को हिसार एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अधिकारी के खिलाफ लाखनमाजरा थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो में कहा कि उसका दोस्त बड़वाली ढाणी निवासी राजेश उर्फ मोनू है और राजेश का दोस्त लुधियाना निवासी संजय थाना लाखनमाजरा में घी की फैक्ट्री के संबंध में इस वर्ष 22 फरवरी को दर्ज मुकदमा में पकड़ा हुआ है। यह केस लाखनमाजरा थाना पुलिस की शिकायत के आधार पर दर्ज हुआ है। इसी के चलते दो दिन पूर्व 29 मार्च को शिकायतकर्ता राजेश के साथ संजय से मिलने थाना लाखनमाजरा गए और मुकदमा के जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार से मिले। शिकायत के अनुसार जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार द्वारा उसके दोस्त संजय के साथ मारपीट करने, उसकी मुकदमा में मदद करने व संजय को झूठा केस न फंसाने की एवज में रिश्वत मांगी। इसके बाद आरोपी उप निरीक्षक सुरेश कुमार के बीच में एक लाख रुपये में बातचीत तय हो गई। उसी दिन आरोपी सुरेश कुमार को 50 हजार रुपये नकद व 50 हजार रुपये आरोपी के लड़के सुनील कुमार को गूगल-पे के माध्यम से दी गई है। शिकायत के अनुसार 30 मार्च को उसके पास आरोपी सुरेश कुमार का दोबारा फोन आया जिसने उससे एक लाख 20 हजार रुपये रिश्वत की दोबारा मांग की गई। उसके व आरोपी सुरेश कुमार के बीच एक लाख रुपये नकद रिश्वत बारे बातचीत तय हुई है।

# नकली सरसों के मामले में चार अधिकारियों की टीम करेगी जांच


**रोहतक।** एसडीएम उत्सव आनंद निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे की अनाज मंडी में नकली सरसों को लेकर पुलिस ने वेयरहाउस इंचार्ज सरिता के बयान पर एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी एक दिन के रिमांड पर है। प्रशासन ने जांच के लिए एसडीएम के नेतृत्व में चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। जो इस पूरे मामले का खुलासा करेगी। रविवार को अनाज मंडी से एक ट्रक 770 सरसों के बैग लेकर वेयरहाउस में खाली करने पहुंचा। बताया गया वेयरहाउस में ट्रक से 640 कट्टे उतारे जा चुके थे। 124 कट्टे गाड़ी में बचे हुए थे। वेयरहाउस की इंचार्ज सरिता ने बताया कि उसने जांच की तो कट्टो में सरसों की जगह पर नकली सरसों और जौ मिले। इस संबंध में आला अधिकारियों को शिकायत की गई। उन्होंने पुलिस में वेयरहाउस में निगरानी के लगाए गए कर्मचारी लाढोत निवासी लवली के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने लवली को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। जिसको मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसडीम उत्सव आनंद ने सोमवार को मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीद संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।




**सुनवाई** एडीसी ने लोगों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को समाधान के आदेश

*अधिकारी सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें*

# शिविर में अब तक 85 प्रतिशत शिकायतों का हो चुका समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने आमजन का आह्वान करते हुए कहा है कि अगर उनकी प्रशासन से संबंधित कोई समस्या है तो समाधान शिविर में आकर उसका समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर के माध्यम से अब तक मिली शिकायतों में से 85 प्रतिशत शिकायतों का निदान किया जा चुका है। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और मौके पर ही समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों को अपनी समस्या अथवा शिकायत से संबंधित शपथ पत्र अथवा टाइप हुआ प्रार्थना पत्र देने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक सादे कागज पर लिखकर अपनी समस्या को दे सकते है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई नागरिक समस्या लिखने में असमर्थ है तो समाधान शिविर में ऐसे लोगों के प्रार्थना पत्र लिखने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना व जड़ मूल से खत्म करना है। नरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी अधिकारियों को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए निदान किया जाए।

उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी अथवा कर्मचारियों द्वारा आम जन से सही व्यवहार न करने की शिकायत प्राप्त हुई तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी।



समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

## कैमरे की नजर में


रोहतक। दीप प्रज्ज्वलित करके कवि सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि रोहतक मेयर राम अवतार वाल्मीकि, विशिष्ट अतिथि एलपीएस बोसार्ड प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश जैन, सूचना आयुक्त, हरियाणा डॉ. कुलबीर छिकारा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल और श्याम इंडस पॉवर सोल्यूशन्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक मेजर सत्यपाल सिंधु।


कार्यक्रम के दौरान मंच पर कवियों का स्वागत करते कवि सम्मेलन के टाइटल स्पोंसर एलपीएस बोसार्ड प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश जैन।


कवि सम्मेलन में को-स्पोंसर पठानिया पब्लिक स्कूल के निदेशक अंशुल पठानिया को स्मृति चिह्न देते मुख्य अतिथि भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और विशिष्ट अतिथि रोहतक मेयर राम अवतार वाल्मीकि।


को-स्पोंसर माइक्रोन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज रोहतक के डीजीएम -एचआर एलबी सिंह को स्मृति देते सांसद धर्मबीर सिंह और मेयर राम अवतार वाल्मीकि।


कवि सम्मेलन में टेलिविजन पार्टनर जनता टीवी के प्रतिनिधि चंचल गुप्ता को स्मृति चिह्न देते सांसद धर्मबीर सिंह।

## हरिभूमि के 14वें कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियों ने प्रस्तुति से सभी को कायल बनाया

# जमकर सजी कवियों की महफिल, देशभक्ति, हास्य व्यंग्य और प्रेम भरे गीतों से सराबोर हुआ रोहतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सामाजिक सरोकारों की तरफ राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि ने रविवार को एक और कदम बढ़ाया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टेगौर ऑडिटोरियम में आयोजित 14वें वार्षिक कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत करके श्राताओं की वाहवाही लूटी। करीब चार घंटे के इस प्रोग्राम में डॉ. सुनील जोगी, डॉ. सर्वेश अस्थाना, हेमंत पांडेय, पद्मिनी शर्मा, डॉ. रसिक गुप्ता और डॉ. अर्जुन सिसोदिया ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाई। दर्शकों ने ओज, गीत एवं हास्य का आनंद लिया। वीररस के अदाकार डॉ. अुर्जन सिसोदिया ने देश भक्ति का ज्वार पैदा करने वाली तीन चार प्रस्तुतियां दी। युद्ध नहीं जिनके जीवन में वे बड़े आभाग्य होंगे, या तो प्रण तोड़ा होगा या रण से भागे होंगे को दर्शकों ने जमकर सराहा।

### दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ

सम्मेलन का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिवानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह, प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, हरियाणा राज्य सूचना आयोग के आयुक्त डॉ. कुलबीर छिकारा, श्याम इंडस लिमिटेड के एमडी मेजर सत्यपाल सिंधु, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर निगम के मेयर रामअवतार वाल्मीकि, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने दीप प्रज्वलित करके किया। सभी ने चौधरी मित्रसेन सिंधु के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद शहर के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

### एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

चैत्र में फागुन जैसी मदमस्त हवाओं के बीच कवियों ने ऐसा शमां बांधा कि लोग काफी दिनों तक कार्यक्रम को याद रखेंगे। आमतौर पर चैत्र में काफी गर्मी होती है, लेकिन इस बार मौसम का मिजाज काफी सुहाना था। कवियों ने जहां लोगों को खूब हंसाया, वहीं देश की राजनीतिक व्यवस्था पर कटाक्ष किए। इसके अलावा दूसरे सामाजिक पहलुओं को भी रचनाकारों ने छुआ। प्रेम विरह, देशभक्ति का जज्बा लोगों में पैदा किया। युवाओं में सबसे ज्यादा जोश ओज के कवि डॉ. अुर्जन सिसोदिया ने भरा। इन्होंने देश भक्ति से लबरेज कई रचनाएं प्रस्तुत की।

स्टेज का संचालन करते हुए डॉ. रसिक गुप्ता का पाठ भी काफी सराहनीय था। पद्मिनी शर्मा ने प्रेम प्रसंग, हेमंत पांडे ने राजनीतिक का हास्य रंग में की चासनी में डुबोया। डॉ. सर्वेश अस्थाना ने अपने व्यंग से राजनीति को केंद्र बिंदू में रखा। इन्होंने शहीद भगत सिंह का स्मरण भी कविता से किया। कार्यक्रम डॉ. सुनील जोगी की रचनाओं के साथ अपने मुकाम तक पहुंचा।

### डॉ. सुनील जोगी



- समंदर में उतरने नहीं दूंगा, महबूब की गलियों से गुजरने नहीं दूंगा, योगी जी ने एक आशिक से बात कही, जो मैंने नहीं किया तुम्हे करने नहीं दूंगा
- कुर्सी है किसी और की बैठा है कोई और, बंगला है किसी और का रहता है कोई और, इस दौर की लड़कियों का हाल ना पूछो, टैटू है किसी और का टैंटा है कोई और
- एक व्यक्ति ने फैजाबाद से इलाहाबाद का रेल टिकट लिया। लेकिन इन्होंने सफर किया तो फैजाबाद अयोध्या और इलाहबाद का नाम बदलकर प्रयागराज हो चुका था। सिने तारिका करिश्मा कपूर के बेटे तैमूर पर भी डॉ. सुनील ने करारा व्यंग किया।
- डॉ. सुनील जोगी ने बताया कि कैसे योगी ने शहरों के नाम बदलकर बड़ा काम किया है। कुर्सी बलिहारी भी डॉ. जोगी के निशाने पर रही। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एंटी रोमियो स्कवॉड का जिक्र भी डॉ. जोगी ने किया।

### श्रोताओं से खचाखच भरा रहा ऑडिटोरियम



### ये रहे सहयोगी

**टाइटल स्पोंसर**

- एल. पी. एस. बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड, रोहतक

**को-सस्पोंसर**

- पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक
- मॉइक्रोन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज
- इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक
- जनता टी.वी. (टेलिविजन पार्टनर)

**एसोसिएट-स्पोंसर**

- एमडीएन पब्लिक स्कूल, रोहतक
- रंश मोटर्स एवं निखार कैमिकल्स प्रा.लि., रोहतक
- खुराना आई सेंटर, एडवांस सुपर स्पेशिलिटी आई एंड रेटिना केयर, हॉस्पिटल
- विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल
- पोजीट्रान हॉस्पिटल, रोहतक
- इलेक्ट्रॉनिक्स हब, रोहतक
- कोटा क्लासिज, रोहतक
- दॉ आर्यन ग्लोबल स्कूल, रोहतक
- कायनोस हॉस्पिटल, रोहतक
- वेद मॉडल इंटरनेशनल स्कूल, कलानौर
- जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक
- जेड ग्लोबल स्कूल, रोहतक
- स्वामी नितानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स
- एच. डी. पब्लिक स्कूल
- पंजाब नेशनल बैंक, रोहतक
- प्रेमसंस ज्वेलर्स, रोहतक
- होटल रिवोली, रोहतक
- एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम)
- केनरा बैंक, रोहतक
- हरियाणा ग्रामीण बैंक, रोहतक
- रोटरी क्लब नेक्सट, रोहतक
- गिरीराज ज्वेलर्स, रोहतक

### हेमंत पांडेय


कार्यक्रम का प्रारंभ हास्य रंग के कवि हेमंत पांडेय की रचनाओं से हुआ। इन्होंने राजनीति में कटाक्ष किए। भाजपा और विपक्षी पार्टियों पर भी इन्होंने अपनी नजरें इनायतें की। पति-पत्नी के बीच के रिश्तों पर पांडेय ने हास्य रंग बिखेरे कि कैसे पत्नी पति के लिए शर्ट खरीदती और पति बाजार में कैसे उनकी हां -हां में मिलाता रहता है। पाकिस्तान पर इन्होंने शब्दों के बाण छोड़े। यूपी पुलिस पर भी हेमंत की रचना काफी सराही गई। अभी तक जिंदा रचना पर दर्शकों की तालियों से सदन काफी देर तक गूंजा।

### डॉ. अुर्जन सिसोदिया


वीररस के अदाकार डॉ. अुर्जन सिसोदिया ने देश भक्ति का ज्वार पैदा करने वाली तीन चार प्रस्तुतियां दी। युद्ध नहीं जिनके जीवन में वे बड़े आभाग्य होंगे, या तो प्रण तोड़ा होगा या रण से भागे होगे। जिस समय कविवर सिसोदिया इस रचना की प्रस्तुति दे रहे थे तो एमडीयू के ऑडिटोरियम में देशभक्ति का ज्वार लबालब श्रोताओं में महसूस हो रहा था। इन्होंने बताया कि कैसे हम शहीद भगत सिंह को शहीद का दर्जा तक नहीं दिलवा सके थे। डॉ. सिसोदिया ने कहा राजनीति ने भगत सिंह का शहीद का दर्जा नहीं देने दिया था।

### डॉ. सर्वेश अस्थाना


डॉ. सर्वेश अस्थाना ने व्यंग रचनाओं से दर्शकों का मन बहलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आप जैसे लोग अब मिलते नहीं,इस महक के लोग मिलते नहीं। गिरगिट और नरेश का अच्छा चित्रण डॉ. अस्थाना ने किया। रंग बदलने में राजा गिरगिट को भी पीछे छोड़ जाता है, ऐसा सर्वेश अस्थाना ने अपनी रचना में बताया। कहा कि राजनीति में मूल्य कैसे दिन-प्रतिदिन रसातल में जा रहे हैं। लखनऊ के विधानसभा भवन भी रचना में केंद्र बिंदू पर रहा। अंतर मन में झांकने पर कैसे एक दरोगा की मौत होती है, ये भी बाखूबी बताया।

### पद्मिनी शर्मा


फनकार पद्मिनी शर्मा ने शादीशुदा जिंदगी, प्रेम और हास्य से परिपूर्ण प्रस्तुतियां दी। इन्होंने शादीशुदा के बारे में कहा कि ये अपने घर में सुनते हैं और यहां मुझसे भी सुनने ही आए हैं। इन्होंने नजर-नजर से मिली और कमाल हो गया, तेरे ख्याल से चेहरा लाल हो गया। गाना नहीं आता, पर गाना पड़ेगा। महाकुभ मोनालिसा बेच रही थी माला रचना को दर्शकों ने काफी प्रशंसा की। इन्होंने कलयुग में रावणों से देश को बचाने की अपील की। देशभक्ति भी पद्मिनी ने कहा कि सरहद को अपनी आंखों का नूर दिया है।

### डॉ. रसिक गुप्ता


मंच का संचालन डॉ.रसिक गुप्ता के जिम्मे रहा। इन्होंने मोबाइल फोन पर अपनी एक रचना प्रस्तुत करके दर्शकों से तालियां लूटी। मोबाइल पासवर्ड अगर पत्नी के हाथ लग जाए तो फिर पत्नी कैसे उनसे व्यवहार करती है, ये डॉ. गुप्ता ने बताया। कष्ट किसी को पहुंचाना नहीं, ये इन्होंने काफी अच्छे से दर्शकों को बताया। इनकी रचनाओं का फोकस हास्य व्यंग ही थी। इसलिए दर्शकों ने डॉ. रसिक का रचनाओं का रसिक बताया। इन्होंने अपनी प्रस्तुतियों में सामाजिक समस्याओं को फोकस में लिया।



## श्रोता बोले- हमेशा याद रहेगा कवि सम्मेलन

### गौरव का विषय


रोहतक के लिए यह एक गौरव का विषय है। सभी कवियों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। पद्मिनी शर्मा ने जो महिलाओं के बारे में अपने गीत के माध्यम से बताया उसे सुनकर बहुत अच्छा लगा। ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए।
-दीपाली छाबड़ा, शिक्षिका

### मन प्रसन्न हुआ


हरिभूमि द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में शानदार अनुभव रहा। बेहतरीन कवियों की रचनाएं सुनकर मन प्रसन्न हो गया। हास्य, वीर रस और श्रृंगार से भरी कविताओं ने माहौल को जीवंत बना दिया। ऐसे आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए प्रेरणादायक हैं।
-सविता, गृहणी

### खूब हंसाया


हास्य कवियों ने अपनी रचनाओं से खूब गुदगुदाया। डॉ. रसिक गुप्ता की पंक्तियां चेहरे पर मुस्कान लाने वाली थी। हरिभूमि के ऐसे आयोजन बेहद अच्छे होते हैं। हम परिवार सहित हर बार कार्यक्रम को देखते हैं।
-अतुल जांगड़ा, छात्र

### संस्कृति का संगम


हरिभूमि के कवि सम्मेलन में भाग लेना अद्भुत अनुभव रहा। कवियों की भावनात्मक और हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। साहित्य और संस्कृति का यह संगम हमेशा यादगार रहेगा। इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों का आभार।
-सोमवीर पंडित, व्यापारी

### कवियों ने समां बांधा

सम्मेलन में कवियों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को दीवाना कर दिया। शाम करीब 6.30 बजे शुरू हुए कवि सम्मेलन में श्रोता समापन तक कुर्सी से चिपके रहे। हास्य की कविताओं से रंग जमाया, सभी श्रोता हंस हंसर लोटपोट हो गए। वहीं जब ओज के के कवि डॉ. अुर्जन सिसोदिया ने कविताएं सुनाई तो श्रोताओं में देश भक्ति का जज्बा जांग गया। ऑडिटोरियम में काफी देर तक भारत माता के जयकारे गूंजते रहे।

## इन्हें मिला सम्मान


उन्नयन समिति की अल्पना शर्मा और उनकी टीम को एनिमिया से लड़ने और महिलाओं को बीमारियों से मुक्त करवाने के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह और रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने समिति की सदस्यों और सचिव विजय को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट करके सम्मानित किया।


मानता शर्मा महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं। उन्होंने 2016 में 10 महिलाओं के साथ 40 हजार का लोन लेकर हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग का काम शुरू किया। कारवां बढ़ता गया और अब वे लाखनमाजरा के 10 गांवों में 300 महिलाओं को रोजगार दे रही हैं। मानता शर्मा के समूह की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इनके सहायता समूह की तारीफ कर चुके हैं।


गोच्छवाल प्रवासी सोसायटी को उनकी अलग तरह की पहल के लिए सम्मानित किया गया। इस सोसायटी ने गांव गोच्छी से निकलकर गए सभी परिवारों को एक मंच पर लेकर आए। आपने 2018 में मुहिम शुरू की और देश विदेश के अलग-अलग हिस्सों में बसे गांव गोच्छी के 300 परिवारों को तलाशा। मुख्य अतिथि सांसद धर्मबीर सिंह और रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि और पूर्व मेयर मन मोहन गोयल ने सोसायटी के कमांडेंट ढालचंद, डॉ. विरेन्द्र पाल (पूर्व विधायक), देवेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, एडवोकेट श्याम फूल भारद्वाज, जसवीर सिंह, बलजीत सिंह को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट करके सम्मान दिया गया।


राजरूप राठी को उनके बेटियों के प्रति प्रेम भावना और सहायता के लिए सांसद धर्मवीर और अतिथियों ने स्मृति चिह्न और शॉट भेंट करके सम्मानित किया। राजरूप राठी वर्तमान समय में ऐसी 32 लड़कियों की शिक्षा का खर्च वहन कर रहे हैं जिनके सिर पर पिता का साया नहीं है। वह 25 साल से चौधरी लखीराम आर्य अनाथालय में पढ़ाई लिखाई का प्रबंध कर रहे हैं।

### श्रोताओं ने मोबाइल में कैद की यादगार

कवि सम्मेलन के दौरान मदवि का ऑडिटोरियम श्रोताओं से खचाखच भरा हुआ था। मशहूर कवियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने समांग बांधा और श्रोता जमकर झूमे। यही नहीं श्रोताओं ने अपने मोबइल फोन में भी कवियों की हर प्रस्तुति को कैद किया। इसके अलावा श्रोताओं ने फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से कवि सम्मेलन को लाइव भी चलाया।


■ कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर एमडीएन पब्लिक स्कूल के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर कृष्ण कुमार को स्मृति चिह्न देते मुख्य अतिथि भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और विशिष्ट अतिथि रोहतक मेयर राम अवतार वाल्मीकि।


■ कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर रंश मोटर्स एवं निखार केमिकल्स प्रा. लि. के सीएमडी राजेंद्र बंसल को बुक्के देकर स्वागत करते हरिभूमि के एसिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर हरिओम वशिष्ठ।



■ कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर खुराना आई अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अरुज खुराना और मेडिकल सुप्रिन्टेंडेंट डॉ. भावना खुराना का स्वागत करते हरिभूमि के डीएमएम, रोहतक हेमंत अहूजा और प्रतिनिधि मनोज वर्मा।


■ सांसद धर्मबीर सिंह और रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि से स्मृति चिह्न लेते कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक डॉ. रिशू सिवाच और डॉ. विकास सिवाच।


■ कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पोंसर इलेक्ट्रोनिक हब, रोहतक के प्रोपराइटर हरीश भूटानी को स्मृति चिह्न देते भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और रोहतक मेयर राम अवतार वाल्मीकि।


■ भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और रोहतक मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पोंसर कोटा क्लासिस के निदेशक संदीप कुमार को स्मृति चिह्न भेंट किया।


■ कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पोंसर द आर्यन ग्लोबल स्कूल के प्रिंसिपल आरके खन्ना का बुक्के भेंट करके स्वागत करते हरि भूमि के एडीएमएम रोहतक सन्नी वर्मा।


■ एसोसिएट स्पोंसर कायनोस अस्पताल के सीए बिमल किशोर को स्मृति चिह्न देते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह।


■ कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पोंसर वेद मॉडल इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन मोहित जांगड़ा को स्मृति चिह्न देते मुख्य अतिथि भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह।


■ सांसद धर्मबीर सिंह ने कवि सम्मेलन के एसोसिएट स्पोंसर जेपी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन राजीव मलिक को स्मृति चिह्न भेंट किया।


■ कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर स्वामी नितानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर सुमित मलिक को स्मृति चिह्न देते सांसद धर्मबीर सिंह।


■ कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर एचडी पब्लिक स्कूल के प्रतिनिधि पुनीत खेड़ा को स्मृति चिह्न भेंट करते सांसद धर्मबीर सिंह।


■ कार्यक्रम के एसोसिएट स्पोंसर केनरा बैंक, रोहतक के प्रतिनिधि रोहित कोचर को सांसद धर्मबीर सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट किया।


■ सीएमओ डॉ. रमेश चंद्र और मॉडल एजुकेशन सोसायटी के सचिव राजेश सहगल और हिंदू एजुकेशन सोसायटी के पूर्व प्रधान सुदर्शन धींगड़ा का स्वागत करते हरि भूमि प्रतिनिधि।


■ कार्यक्रम के दौरान पूर्व मेयर मनमोहन गोयल का बुक्के देकर स्वागत करते श्याम इंडस पॉवर सोल्यूशन्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक मेजर सत्यपाल सिंधु।


■ कार्यक्रम के दौरान सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान अवनीश सैनी का बुक्के भेंट करके स्वागत करते हरि भूमि प्रतिनिधि गौरव।

■ कवियों की प्रस्तुति का आनंद लेते श्रोता। *सभी फोटो : अनिल चहल*

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को ध्यान से होने वाले फायदे बताए

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत बच्चों ने एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ की। मुख्य अतिथि रिटायर्ड सीएमओ डॉ. वीरेंद्र फोगाट रहे, उन्होंने एनएसएस वॉलंटियर्स को योगाभ्यास और मेडिटेशन करवाया। साथ ही इनसे होने वाले फायदों से अवगत कराया।

### दिनेश्वर शर्मा हुए सेवानिवृत्त



**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में लाइब्रेरी रिस्टोर के पद पर कार्यरत दिनेश्वर शर्मा सेवानिवृत हो गए। वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के महासचिव राजेंद्र बंसल, उप प्रधान दीपक जिंदल, कोषाध्यक्ष चंद्र गर्ग ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की । प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता एवं उप-प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने दिनेश्वर शर्मा को सम्मानित किया व उनके कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर गैर शिक्षक वर्ग से जितेंद्र कुमार, नरेंद्र गोयल, नरेंद्र शर्मा, राजेश अग्रवाल, पूनम बंसल आदि मौजूद रहे।

### प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ईएसएम सेल के तत्वधान में सोमवार को एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन डॉ. गगनेश शर्मा , डायरेक्टर रीजनल सेन्टर फ़ॉर नेचुरल फार्मिंग, गाजियाबाद ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किये। उन्होंने प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया कि आने वाले समय मे जहर मुक्त खाद्यान्नों की बहुत जरूरत पड़ेगी।

## नवरात्रे का दूसरा दिन : श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मां की पूजा कर मांगी मन्नतें

# भक्तों ने अखंड ज्योत के किए दर्शन मां ब्रह्मचारिणी से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को भक्तों ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी के पूजा अर्चना श्रद्धा से की। भक्तों ने मंदिरों में मां की अखंड ज्योत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। घरों में भी भक्तों ने माता रानी की भक्तिभाव से पूजा की। माता रानी को पुष्प अर्पित किए। वहीं माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को भक्तों ने मां ब्रह्माचारिणी की पूजा भक्तिभाव से की। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तों ने मां की अखंड ज्योत के दर्शन करके जगदम्बे भवानी से सुख समृद्धि की मन्नतें मांगी, श्रद्धालुओं द्वारा माता के जयघोषो से वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में अखंड पाठ, दुर्गा स्तुति का पाठ, सत्संग, कीर्तन, प्रवचन, आरती हुई। जिन भक्तों ने व्रत धारण किया है, उन्हें प्रसाद के रूप में नवरात्र का प्रसाद (कुटु से मिश्रण व्यंजन व फल-फ्रूट) बांटा गया।



रोहतक। संकट मोचन मंदिर में नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष में मां ब्रहमचारिणी की पूजा-अर्चना करते भक्त। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। दुर्गा भवन मंदिर में नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष में मां ब्रहमचारिणी की पूजा-अर्चना करते भक्त। फोटो : हरिभूमि

### भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए मां ब्रह्मचारिणी ने की कड़ी तपस्या : मानेश्वरी देवी

*साध्वी मानेश्वरी देवी ने प्रवचन देते हुए कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार सती के रूप में स्वयं को यज्ञ की अग्नि में भस्म करने वाली मां ब्रह्मचारिणी ने पर्वतराज हिमालय के यहां मां पार्वती के रूप में जन्म लिया। माता ने इस जन्म में भी भोलेनाथ को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कड़ी तपस्या की थी। मां ब्रहमचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए हुए सुशोभित हैं। मां के इस स्वरूप को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य, ब्रह्म में लीन और कठोर तपस्या के कारण माता के इस स्वरूप को ब्रह्मचारिणी कहा गया है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी ने हिमालय के घर पुत्री के रूप में जन्म लिया था और भोलेनाथ को पति स्वरूप प्राप्त करने के लिए हजारों वर्षों तक ब्रह्मचारिणी का रूप धारण कर कठोर तपस्या की थी।*



रोहतक। माता रानी की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## होंडा मानेसर और सोनीपत हाफ़ मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** गत 30 मार्च को हुई होंडा मानेसर हाफ़ मैराथन और सोनीपत हाफ़ मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का प्रदर्शन शानदार रहा। मानेसर हाफ़ मैराथन में रवि दहिया ने 31 मिनट 8 सेकेंड में 10 किलोमीटर दौड़ पूरी कर ओवरऑल कैटेगरी में प्रथम स्थान, बिमला बनवाला ने 21.1 किलोमीटर दौड़ 2 घंटे 1 मिनट 8 सेकेंड में पूरी कर अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सोनीपत हॉफ मैराथन में 21.1 किलोमीटर दौड़ जितेंद्र कुमार गहलावत ने 1 घंटे 23 मिनट 14 सेकेंड में, शमशेर सिंह काजल ने 1 घंटे 48 मिनट 57 सेकेंड में पूरी कर अपने अपने आयु वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। मानेसर मैराथन में 10 किलोमीटर दौड़ में बलराज सिंह, जितेंद्र हुड्डा, अमित मान, पवन डागर, अजय मलिक, निशांत दहिया, नेहा हुड्डा, आकाश, विकास सहरावत, सुधीर शोकीन, 21.1 किलोमीटर में चंद्रपाल बनवाला, मनीष दहिया, रविन्द्र दहिया, विजेंद्र मलिक, सुरेंद्र, रमेश हुड्डा, विकास हुड्डा और अरविन्द पाल दहिया का प्रदर्शन भी शानदार रहा।




## मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों के चेहरे भी खिल गए। सुबह नौ बजे से ही विद्यार्थी अभिभावकों के साथ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए उत्साहपूर्वक विद्यालय पहुंचे। अगली कक्षा में जाने की खुशी विद्यार्थियों के चेहरे पर साफ झलक रही थी। विद्यालय में लगाए गए ग्रेजुएशन स्टैंड और सेल्फी स्टेशन आकर्षण का केंद्र रहे। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल ने विद्यार्थियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा आने वाले सत्र के लिए शुभकामना संदेश भेजा। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों से कहा कि इस सत्र में जो कमजोरी रही उसे दूर करने के प्रण के साथ आने वाले सत्र का स्वागत करें। उप प्रधानाचार्या आशिता भांबरी ने भी विद्यार्थियों को बधाई संदेश दिया।



## ईपी फेंसिंग खिलाड़ी लोकेश सिहाग जर्मनी में करेगा देश का प्रतिनिधित्व

**रोहतक।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी की ईपी फेंसिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप जुलाई माह में जर्मनी में होगी। जिसमें रोहतक का छात्र लोकेश सिहाग देश का प्रतिनिधित्व करेगा। हाल ही में उसका ट्रायल के दौरान सैलेक्शन किया गया है। रोहतक के छात्र लोकेश सिहाग ने ईपी फेंसिंग में गोल्ड मेडल जीतकर रोहतक का नाम रोशन किया है। वह 2024 में गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, पंजाब में हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स व 2025 में जम्मु यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल जीत चुका है। लोकेश के पिता बिजेंद्र सिहाग हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर झज्जर में कार्यरत हैं। लोकेश को कड़ी मेहनत की प्रेरणा अपने पिता व कोच संदीप सिहाग से मिली है। वह एकलव्य स्पोर्टस स्कूल, सिसाय हिसार में अभ्यास करता है। वह पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में रोजाना कड़ी मेहनत करता है और वर्तमान में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। छात्र ने अमृतसर में हुई प्रतियोगिता में ईपी फेंसिंग में भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया था। जिसकी वजह से वह गोल्ड जीतने में कामयाब रहा और अब वह जर्मनी भारत देश का प्रतिनिधित्व करेगा।




## साइक्लोथॉन यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें नागरिक : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जिला वासियों से राज्य सरकार द्वारा 5 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाने वाली साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा में बढ़ चढक़र भाग लेने का आह्वान किया है। उपायुक्त आज देर सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के उपरांत अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि रोहतक पहुंचने पर साइक्लोथॉन यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने जिला वासियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर इस यात्रा के साथ जुड़ सकते हैं। धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार हम सबको मिलकर नशा मुक्ति हरियाणा का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा 12 को जिला के गांव करौंथा पहुंचेगी।

## हर्षोल्लास से मनाया ईद-उल-फितर का पर्व

- लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा कर मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। जींद रोड स्थित नुरानी मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।

ईद-उल-फितर का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा बडे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शहर में स्थित मस्जिद में भारी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और झुमे की नमाज अदा कर एक-दूसरे के गले मिलकर ईद के त्यौहार की आपस में बधाई दी। ईद-उल-फितर पर्व को लेकर शहर में पुलिस प्रशासन द्वारा मस्जिदो के बाहर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। जींद रोड स्थित नुरानी मस्जिद के ईमाम मोहम्मद जकरिया ने बताया कि ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे रमजान के पवित्र महीने के समापन के बाद मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस त्योहार की शुरूआत सुबह की नमाज के साथ की जाती है, जिसमें एक साथ काफी संख्या में लोग मस्जिद में एकत्रित होकर अल्लाह से दुआ मांगते है और इसके बाद एक दूसरे के साथ गले भी मिलते है। भिवानी स्टैंड स्थित लाल मजिस्द व चमेली मार्केट में स्थित शीशे वाली मजिस्द में भी लोगों ने एकत्रित होकर नमाज अदा कर ईद का पर्व बडे धूमधाम के साथ मनाया गया।

## शत प्रतिशत रहा शिक्षा भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जेपी कॉलोनी स्थित शिक्षा भारती विद्यालय का नर्सरी से 8वीं कक्षा तक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्या आशु साहनी ने बताया कि जिन बच्चों का परिणाम अच्छा रहा है, यह उनकी मेहनत, माता-पिता व आचार्यों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जिनकी कुछ कमी रही है वे उस पर कार्य करते हुए आगे बढ़े। कक्षा नर्सरी से 8वीं तक प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय स्तर की नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा में गरिमा, नैंसी, साहिल सिंह, मुस्कान, नकुल, हिमानी व खुशी ने छात्रवृत्ति प्राप्त की। इन छात्रों को छात्रवृत्ति नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। रजनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक गान की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही हरियाणवी नृत्य ने समां बांधा और तालियों की गड़गड़ाहट ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर बृजबाला, कोषाध्यक्ष पुष्पदीप डागर, कोषाध्यक्ष अंकुश, पूर्व आचार्या पुष्पा, सुशील, सुनीता जैन, ज्योति, रितू सहित अन्य मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद ने नव संवत पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**रोहतक।** भारत विकास परिषद रोहतक शाखा एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शनिवार नव संवत के उपलक्ष में निजी गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में लीला कला मंच के सदस्यों ने गुरु वंदना, भगवान राम वंदना एवं हरियाणवी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। महेंद्र शर्मा ने भारत विकास परिषद के उद्देश्य बताए। प्रवीण गुप्ता ने नव संवत के विषय में अपने विचार साझा किये। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद एक ऐसा संगठन है जो संस्कार और सेवा के क्षेत्र में पूरे देश में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों द्वारा भजन की प्रस्तुती दी गई। डॉ. सीमा शर्मा ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र गोयल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. चंद्र गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, श्याम कपूर, विनोद जैन, गीता गुप्ता, डॉ. केवल कृष्ण गुप्ता, दीपक जिंदल, योगेश गोयल, डॉ. गुलशन लाल तनेजा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, चंद्र सेन जैन, देवेंद्र गोयल, शमशेर प्रकाश गोयल, अशोक गुप्ता, लोकेश जैन, विक्रांत शर्मा, सतीश, मंजू बिंदल आदि मौजूद रहे।



## दस साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामलें में आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने बताया कि 25 मार्च को बिहार हाल रोहतक निवासी महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि महिला के पास 3 बच्चे है। महिला ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय लड़की ने पेट में दर्द होने बारे बताया। जिसे दिखाने के लिये पीजीआईएमएस रोहतक लाया गया। नाबालिग लड़की को पीजीआईएमएस में दिखाने पर गर्भवती होने बारे पता चला। जिला पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए पीड़िता को हर सुविधा मुहैया कराई गई है। मामले की गहनता से जांच अमल में लाई गई। एसपी नरेन्द्र बिजारणिया के आदेशानुसार मामलें की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई। जिसमें प्रभारी सीआईए-1 निरीक्षक कुलदीप सिंह व प्रभारी थाना शहर रोहतक उप.नि. राजकुमार व उनकी टीम को शामिल किया गया।






## पुलिस लाइन में जवानों ने किया योगाभ्यास



**रोहतक।** पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानों को ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। जवानों ने योग आसन का भी अभ्यास किया। योग करने से तनाव दूर होता है। मन व मस्तिष्क को शांति मिलती है। योग करने से दिल व दिमाग की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

